धारीवाल मिल्स, कानपुर ने आपके आदेश पर ऊनी कपड़ों का एक रेलवे पार्सल भेजा था, जो आपको नहीं प्राप्त हुआ है। आवश्यक विवरण देते हुए कमर्शियल मैनेजर, दक्षिण रेलवे, बेंगलूर के नाम पर एक शिकायती पत्र लिखिए।

अमरनाथ ट्रेडर्स
(वस्त्रों के थोक व्यापारी)

41, एस.पी.रोड
बेंगलूर 560 001

क्रमांक : 29/42/......

दिनांक : ../../....

सेवा में
कमर्शियल मैनेजर
दक्षिण रेलवे
बेंगलूर

महोदय,

विषय : पार्सल न प्राप्त होने पर शिकायती पत्र।

दिनांक ../../....को धारीवाल मिल्स, कानपुर ने हमें ऊनी कपड़ों का पार्सल भेजा था, जो हमें अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। उनके द्वारा प्रेषित बीजक तथा रेलवे बिल्टी की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न कर रहे हैं। कृपया शीघ्र कार्रवाई कर हमें पार्सल भेजने का कष्ट करें।

सधन्यवाद

भवदीय

क.ख.ग.
प्रबंधक
कृते अमरनाथ ट्रेडर्स

संलग्न : 1) धारीवाल मिल्स की बीजक प्रति
2) रेलवे बिल्टी की प्रति।